# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

(News Clipping)

**27 जुलाई 2020**

# गांवों के लिए चल रही योजनाएं बताई

**वेबिनार**

रुड़की | कार्यालय संवाददाता

उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत रीजनल कोऑर्डिनेटिंग इंस्टीट्यूट आईआईटी रुड़की और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान गुवाहाटी द्वारा स्मार्ट विलेज के लिए योजना विषय पर आयोजित चार दिवसीय वेबिनार का का समापन हो गया।.

चार दिवसीय वेबिनार में उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम समन्वयकों ने प्रतिभाग किया। वेबिनार के पहले तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान गुवाहाटी के प्रो. एमके श्रीवास्तव ने स्मार्ट विलेजः अवधारणा एवं संकेतक विषय पर चर्चा की। उन्होंने देश में क्रियान्वित किए जा रहे विभिन्न मॉडल गांव कार्यक्रम जैसे- उन्नत भारत अभियान, सांसद आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, डिजिटल विलेज प्रोग्राम के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान किया। ग्रामीण विकास के अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। देश के विभिन्न हिस्सों में ग्राम पंचायतों व गांवों द्वारा स्थापित की गई सफलता की कहानियों को बताकर प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किए जाने के लिए प्रेरित किया।क्षेत्रीय समन्वय संस्थान आईआईटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पांडेय ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कार्यक्रम समन्वयकों से गोद लिए गए गांवों में स्मार्ट विलेज की योजनाओं पर क्रियान्वयन की अपेक्षा व्यक्त की। वेबिनार में उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के परियोजना सहायक नितिन वर्मा ने तकनीकी सहयोग दिया।

**आयोजन**

- उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के तहत वेबिनार का समापन
- पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड के समन्वयकों ने लिया हिस्सा